उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, रविवार, 25 अक्टूबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

सराहनीय पहल : नेक कमाई से बांटे 98 स्वेटर, स्वेटर पाकर बच्चों के खिले चेहरे।



संवाददाता खुशांत गुप्ता झज्जर (हरियाणा) : अपने लिए तो सब जीते हैं सही मायने मे दूसरे के लिए जीना ही जीवन है। यदि जीवन का उद्देश्य दूसरों की भलाई बन जाए तो उससे प्रेरणादायक व नेक काम कुछ नहीं हो सकता है। झज्जर जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे वीरों की देवभूमि कहे जाने वाले गांव धारौली की सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति के दवारा राजकीय उच्च विद्यालय, सुधराना गांव, ब्लॉक नाहड, जिला रेवाड़ी में वस्त्र समर्पण सेवा कार्यक्रम में 98 जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क स्वेटर वितरित की गई। स्वेटर पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया। 25 बार रक्तदान कर चुके युद्धवीर सिंह लांबा, अध्यक्ष,मां-मातृभूमि सेवा समिति, वीरों की देवभूमि धारौली ने जानकारी देते हुए बताया कि समाजसेवा को समर्पित समाजसेविका लक्ष्मी सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थी, मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य, अनुशासन और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

एक नज़र में

छह दिन बाद भी किशोर का पता नहीं चल सका।
थाना जवां में समाधान दिवस पर चार शिकायतें दर्ज, दो का मौके पर निस्तारण।
कासिमपुर पावर हाउस में ललित डांस एकेडमी की डांडिया नाइट धूमधाम से आयोजित।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

छह दिन बाद भी किशोर का पता नहीं चल सका।

संवाददाता हर्ष राठी जवां: छह दिन पूर्व घर से गायब हुए एक 12 वर्षीय किशोर का अभी तक पता नहीं चल सका है, मामले की रिपोर्ट उसके पिता ने थाना में दर्ज कराई है। सुनाना निवासी विजय सिंह पुत्र पूरन सिंह ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका 12 वर्षीय पुत्र हिमांशु 19 अक्टूबर सोमवार को बिना बताए घर से कहीं चला गया जिसे रिश्तेदारियों में सभी जगह तलाश किया गया लेकिन नहीं मिला,मामले की रिपोर्ट पीड़ित पिता ने थाना में दर्ज कराई है।

देश

थाना जवां में समाधान दिवस पर चार शिकायतें दर्ज, दो का मौके पर निस्तारण।



संवाददाता हर्ष राठी जवां। शनिवार को थाना जवां परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित कुल चार शिकायतें दर्ज कराईं। पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान थानाध्यक्ष रेखा गोस्वामी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपनिरीक्षक हरिभान सिंह और धनपाल सिंह सहित तहसील गभाना एवं कोल क्षेत्र के संबंधित राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे।

देश

कासिमपुर पावर हाउस में ललित डांस एकेडमी की डांडिया नाइट धूमधाम से आयोजित।



सह संपादक अशोक नेताजी अलीगढ़ : तापीय परियोजना कासिमपुर पावर हाउस के अति विशिष्ट अतिथि गृह में ललित डांस एकेडमी द्वारा डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया गया पारम्पिरिक गरबा, डांडिया, नृत्य और प्रश्नोत्तर के कार्यक्रमों से भरपूर इस कार्यक्रम की शुरुआत हरदुआगंज परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इंजीनियर अमिताभ आनंद तथा महिला मैत्री मंडल की अध्यक्षा श्रीमती बनमाला ने श्री गणेश भगवान के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की। इसमें अत्यंत छोटे बच्चे, उससे बड़े बच्चे तथा लगभग 100 महिलाओं ने मस्ती से शराबोर होकर गरबा नृत्य का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में नृत्य में विशेष महारथ प्राप्त पीहू, प्रज्ञा एवं प्रगति ने एकल नृत्य से सब का मन मोह लिया।